भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †48
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**जम्मू और कश्मीर में पर्यटकों का आगमन**

†48. **श्री तेजस्वी सूर्या:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान जम्मू और कश्मीर में आने वाले घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या स्वदेश दर्शन योजना का उक्त क्षेत्र में पर्यटकों के आगमन पर कोई मापनीय प्रभाव पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) जम्मू और कश्मीर में उन विरासत स्थलों और पर्यटन स्थलों की सूची का ब्यौरा क्या है, जिन्हें उक्त योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है और उन्हें किस वर्ष शामिल किया गया है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के कितने अवसर सृजित हुए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर में घरेलू और विदेशी पर्यटक दौरों (डीटीवी और एफटीवी) की संख्या निम्नानुसार है:

| वर्ष | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी में वार्षिक वृद्धि (%) | एफटीवी में वार्षिक वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 2020 | 25,19,524 | 5,317 | - | - |
| 2021 | 1,13,14,920 | 1,650 | 349.09 | -68.97 |
| 2022 | 1,84,99,332 | 19,985 | 63.50 | 1111.21 |
| 2023 | 2,06,79,336 | 55,337 | 11.78 | 176.89 |
| 2024 | 2,35,24,629 | 65,452 | 13.76 | 18.28 |

स्रोत: जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत संघ राज्यक्षेत्र जम्मू और कश्मीर के लिए कुल छह (6) परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी कुल स्वीकृत लागत 519.58 करोड़ रु. है। ये सभी परियोजनाएँ अब भौतिक रूप से पूरी हो चुकी हैं। जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों के दौरान अभी तक इस योजना के तहत क्षेत्र में सृजित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार की सीमा का आकलन करने के लिए कोई औपचारिक अध्ययन नहीं कराया है।

*****

**अनुबंध**

श्री तेजस्वी सूर्या द्वारा जम्मू और कश्मीर में पर्यटकों का आगमन के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †48 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है :

| **क्र. सं.** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-श्रीनगर- पहलगाम - भगवती नगर- अनंतनाग - सलामाबाद उरी- कारगिल - लेह का विकास | 77.33 |
| 2 | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - राजौरी - शोपियां - पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास। | 81.60 |
| 3 | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास - प्रधानमंत्री विकास पैकेज के अंतर्गत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई संपत्तियों के स्थान पर परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 |
| 4 | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 |
| 5 | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग- पुलवामा- किश्तवाड़- पहलगाम- ज़ांस्कर पदुम -दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 6 | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग-बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |
| **कुल** | | | **519.58** |

*****